2 फरीदाबाद
भ्रष्टाचार का परिणाम है करोड़ों रुपये से बनी आरएमसी सड़कों के गड्ढे

6 अभिमत
छोटे शेयरधारकों की सुरक्षा जरूरी

9 देश/विदेश
भारत के अभ्युदय में प्रौद्योगिकी का खास स्थान रहा : जयशंकर

11 सौंदर्य
हाथों की सुंदरता होते हैं आपके नाखून

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बुधवार, 30 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

आखिरी वनडे में बारिश न पड़ने की दुआ करेगा भारत

पेज - 12

संगोष्ठी का किया आयोजन

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्ववित्तीय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा कैसे की जाए? इस विषय में जागरूक करना था। अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में इंस्पेक्टर सविता एवं एडवोकेट संगीता रावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आरंभ मधु सिंगला द्वारा किया गया। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ की संचालक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू माहेश्वरी ने पुष्प गुच्छ द्वारा अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। एडवोकेट संगीता रावत ने सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं अन्य प्रकार की हिंसा पर लागू धाराओं के प्रावधान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इंस्पेक्टर सविता ने आभासी माध्यम द्वारा छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों, कानूनों व विषम परिस्थितियों में सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और 1015 के बारे में बताया। इस व्याख्यान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 82 छात्राओं ने भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू माहेश्वरी एवं हिंदी सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह व्याख्यान सफल और सार्थक सिद्ध हुआ।